भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1294
दिनांक 09.02.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

भारतीय छात्रों को अध्ययन परमिट

†1294. डॉ. टी. आर. पारिवेन्धरः

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारत के साथ राजनयिक तनाव/तनावपूर्ण राजनयिक संबंध के कारण कनाडा सरकार द्वारा भारतीय छात्रों को अध्ययन परमिट जारी किए जाने में पिछली तिमाही की तुलना में इस तिमाही में 86 प्रतिशत की अत्यधिक गिरावट देखी गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान भारतीय छात्रों को कुल कितने अध्ययन परमिट जारी किए गए हैं;

(घ) क्या सरकार का हमारे छात्रों की खातिर निकट भविष्य में कनाडा के साथ राजनयिक संबंधों में सुधार लाने के लिए कदम उठाने का विचार है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
[श्री वी. मुरलीधरन]

(क)और (ख) हमने वर्ष 2023 की अंतिम तिमाही में कनाडा सरकार द्वारा भारतीय छात्रों को जारी किए गए अध्ययन परमिट की संख्या में कमी के संबंध में कुछ रिपोर्ट देखी हैं। इस अवधि के दौरान जारी किए गए अध्ययन परमिट के संबंध में सटीक डेटा उपलब्ध नहीं है।

अध्ययन परमिट में कमी के कई कारण हो सकते हैं जिनमें वैध वीजा वाले कुछ भारतीय छात्रों को निर्वासन नोटिस जारी करना, कनाडा में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति, घृणा अपराधों में वृद्धि और वीजा जारी करने की प्रक्रिया की सुगमता शामिल है।

(ग) पिछले तीन वर्षों में कनाडा सरकार द्वारा भारतीय छात्रों को जारी किए गए अध्ययन परमिटों की कुल संख्या से संबंधित डेटा नीचे दिया गया है:

[स्रोत: कनाडा सरकार]
◦ 2021 – 1,69,330
◦ 2022 — 2,25,835
◦ 2023 – 2,15,910*

*डेटा जनवरी से नवंबर 2023 तक है। 2024 का डेटा उपलब्ध नहीं है।

(घ)और (ड़) सरकार आपसी चिंता के सभी मुद्दों पर राजनयिक चैनलों के माध्यम से कनाडा के साथ जुड़ी हुई है। हमने कनाडा सरकार से हमारी सुरक्षा चिंताओं को दूर करने और सभी भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रचनात्मक कदम उठाने को भी कहा है।

*****